an>

Title: Need to restore the operation of Mussoorie Express and Garhwal Express

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): मैं अपने संसदीय क्षेत्र गढ़वाल के कोटद्वार रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए कोरोना काल से पूर्व में चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन गढ़वाल एक्सप्रेस व मसूरी एक्सप्रेस के संचालन एवं कोटद्वार रेलवे स्टेशन के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण और देश के प्रमुख शहरों से रेल यातायात से जोड़ने के संबंध में सरकार को अवगत कराना चाहता हूं ।

कोटद्वार प्राचीन ऐतिहासिक कण्वनगरी देश को भारत नाम देने वाले चक्रवर्ती सम्राट भरत जी की जन्मस्थली है । मेरे संसदीय क्षेत्र की पांच विधान सभा क्षेत्रों की लगभग 10-15 लाख की आबादी को कोटद्वार रेलवे स्टेशन सीधे तौर पर प्रभावित करता है और यह क्षेत्र का अंतिम रेलवे स्टेशन है । यह रेलवे स्टेशन लैंसडाउन छावनी सेना के आवागमन का प्रमुख केन्द्र है एवं सैनिकों को देश की सीमाओं तक आने-जाने हेतु बेहतर रेल यात्रा उपलब्ध करवाता आ रहा है । कोरोना काल से पूर्व यहां से दो एक्प्रेस ट्रेन गढ़वाल एक्प्रेस एवं मसूरी एक्सप्रेस दिल्ली से चलती थी । इन ट्रेनों का समय गढ़वाल के दूरदराज से आने जाने वाले लोगों के समय के अनुरूप था लेकिन अब सिर्फ एक एक्सप्रेस ट्रेन सिद्धवली जनशताब्दी एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है जिसका समय गढ़वाल क्षेत्र से आने जाने वाले लोगों के लिए समयानुकूल नहीं है ।

पूर्व में कोटद्वार से दिल्ली संचालित होने वाली मसूरी एक्सप्रेस में दो डिब्बे लखनऊ-बनारस होते हुए हावड़ा पश्चिम बंगाल के लगते थे जिससे स्थानीय लोगों के साथ साथ सैनिकों को भी आवागमन की सुविधा होती थी लेकिन अब यह बंद कर दिए गए हैं ।

मैं माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार से आग्रह के साथ जनहित में मांग करता हूं कि इस रेलवे स्टेशन से सीधे जुड़े स्थानीय लोगों सहित गढ़वाल क्षेत्र की 15 लाख आबादी के हित में पूर्व में संचालित मसूरी एक्सप्रेस एवं गढ़वाल एक्सप्रेस को पुन: संचालित किया जाए ।